ORDER SHEET

THE COURT अपर जिला न्यायाधीश लहार जिला भिण्ड म0प्र0

वैवाहिक प्रकरण क्रमांक 1/2019

दीपक रजक बनाम श्रीमती कंचन

Date of order or proceeding	Order or proceeding with Signature of presiding Officer	Signature of Parties or Pleaders where necessary
13-07-19	आज यह प्रकरण नेशनल लोक अदालत लहार के समक्ष प्रस्तुत हुआ। आवेदक की ओर से श्री रमाकांत शर्मा एडवोकेट उपस्थित हुये। अनावेदिका अनिर्वाहित है। प्रकरण के अवलोकन से विदित है कि इस प्रकरण में आवेदक की ओर से एक आवेदनपत्र अंतर्गत आदेश 23 नियम 1 सी0पी0सी0 दिनांक 24.06.19 को प्रस्तुत किया गया था, जिसके अनुसार राजीनामा हो जाने के कारण प्रकरण को आवेदक चलाना नहीं चाहता है तथा वापस लेना चाहता है। आवेदक की पहचान श्री रमाकांत शर्मा एड. द्वारा की गई थी। सुना गया। आवेदन का अवलोकन किया गया, आवेदक का अनावेदिका से राजीनामा हो गया है, आवेदक व उसकी पत्नि शामिल शरीक निवास कर रहे हैं अब उनका आपस में कोई विवाद नहीं रहा है। प्रकरण को आगे नहीं चलाना चाहते हैं। इन तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए आवेदन पत्र स्वीकार योग्य है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदनपत्र अंतर्गत आदेश 23 नियम 1 सी0पी0सी0 दिनांकी 24.06.19 एतद द्वारा स्वीकार किया जाता है तथा आवेदक को अपना प्रकरण वापिस लेने की अनुमति प्रदान करते हुये प्रकरण की कार्यवाही समाप्त की जाती है। आवेदक अपना वाद व्यय स्वंय वहन करेगा। व्यय तालिका बनायी जाये। आदेश पत्रिका की एक सत्य प्रतिलिपि निशुल्क प्रदाय की जाये। प्रकरण का परिणाम दर्जकर अभिलेख अभिलेखागार में भेजा जाये। Digitally signed by GALIB RASOOL Date: 2019.07.15 14:30:52 +05'30' सदस्य गालिब रसूल अपर जिला न्यायाधीश सदस्य लहार जिला भिण्ड	